>

Title: Need to enhance the amount for construction of toilets under Swachh Bharat Abhiyan -laid

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): मैं भारत सरकार का ध्यान स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय के लिए दी जा रही सब्सिडी की तरफ दिलाना चाहता हूं । सरकार द्वारा प्रति शौचालय के लिए 12,000 रूपये मात्र दिये जा रहे हैं । इस मंहगाई के दौर में मात्र 12000 रूपये में उच्च गुणवत्ता युक्त शौचालय का निर्माण कैसे संभव है । जो शौचालय बनाये गये हैं वह कुछ ही समय बाद जर्जर और क्षीण हो गये हैं या उपयोग के लायक ही नहीं बचे हैं । सरकार द्वारा दी जा रही धनराशि बहुत ही कम है ।

भारत सरकार से निवेदन है कि इस धनराशि को बढ़ाया जाए, जिससे उच्च गुणवत्ता युक्त शौचालय का निर्माण हो व पक्के सेप्टिक टैंक बन सकें, जिससे लम्बे समय तक उपयोग में लाया जा सके । इसके साथ-साथ उचित पानी की व्यवस्था भी सरकार द्वारा की जाए, जिससे सेप्टिक टैंक की लाइफ बढ़ सके ।